# University in News on 26 July 2021

**i-NEXT PAGE 4**

## नए सत्र से बीएलएड में सेमेस्टर सिस्टम

**LUCKNOW(25 July Inext):** लखनऊ यूनिवर्सिटी में आगामी शैक्षिक सत्र से चार वर्षीय बीएलएड कोर्स में सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई होगी. अभी यहां वार्षिक प्रणाली लागू है. शिक्षा शास्त्र विभाग ने इसका स्वरूप तैयार कर लिया है. एक सप्ताह में विभाग महाविद्यालयों के कोर्स से जुड़े शिक्षकों से कंटेंट पर चर्चा कर कोर्स में छात्र हित में कुछ नए पेपर शामिल किए जाएंगे.

### चार साल का है कोर्स

लखनऊ यूनिवर्सिटी के शिक्षा शास्त्र विभाग में चार वर्षीय बीएलएड कोर्स चलाया जा रहा है. विभाग के प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखकर कोर्स को सेमेस्टर में बदला जा रहा है. इससे नए शिक्षकों को आधुनिक प्रोफेशनल स्किल्स और टीचिंग स्किल्स जानने और समझने का मौका मिलेगा. इस पाठ्यक्रम में अंत: विभागीय, अंतर विभागीय, कोर और वैल्यू ऐडेड कोर्स शामिल किए जाएंगे. इसका स्वरूप तैयार हो गया है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा.

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## लविवि : पीएचडी प्रवेश परीक्षा 15 अगस्त के बाद

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि में सत्र 2020-21 पीएचडी प्रवेश के लिए अभी विद्यार्थियों को और इंतजार करना पड़ेगा। इस साल ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा की तैयारी चल रही है, लेकिन अभी एजेंसी फाइनल नहीं हो पाई है। इससे अब प्रवेश परीक्षा एक महीने देरी से 15 अगस्त के बाद ही संभव होगी। विवि प्रशासन यूं तो अपने यहां पीएचडी प्रवेश परीक्षा 15 जुलाई को कराने की तैयारी में था।

**एजेंसी तय न होने के कारण परीक्षा में हुई देरी**

यही वजह रही कि जहां अभी यूजी-पीजी व प्रोफेशनल कोर्सों के आवेदन लिए जा रहे हैं, वहीं पीएचडी के आवेदन समाप्त हो चुके हैं। विश्वविद्यालय इस साल पहली बार पार्ट टाइप पीएचडी में भी प्रवेश लेने जा रहा है। लगभग डेढ़ महीने तक चली आवेदन प्रक्रिया में सामान्य पीएचडी की 448 व पार्ट टाइम पीएचडी की 92 सीटों के लिए कुल 4302 आवेदन आए हैं। दूसरी तरफ कोरोना संक्रमण को देखते हुए विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के आयोजन का तो निर्णय लिया, लेकिन अभी तक इसके लिए एजेंसी नहीं फाइनल हो पा रही है। जानकारी के अनुसार इसके लिए यूपी डेस्को से बात चल रही है, लेकिन तिथि और केंद्र फाइनल नहीं हो पाए हैं। विश्वविद्यालय इस साल लखनऊ के अलावा बनारस व गाजियाबाद में ही परीक्षा केंद्र बनाने की कवायद कर रहा है। जानकारी के अनुसार अब प्रवेश परीक्षा का आयोजन 15 अगस्त के बाद ही हो सकेगा। इसका असर यूजी-पीजी प्रवेश पर भी पड़ेगा। इस बारे में प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने कहा कि इसी सप्ताह एजेंसी फाइनल कर प्रवेश परीक्षा की तिथि घोषित करेंगे।

### बीएड प्रवेश परीक्षा भी एक कारण



विश्वविद्यालय अधिकारियों के अनुसार पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तिथि फाइनल न होने का एक कारण बीएड प्रवेश परीक्षा भी है। क्योंकि विश्वविद्यालय ही बीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन कर रहा है। ऐसे में उसके काफी शिक्षक इसमें लगे हुए हैं। बीएड प्रवेश परीक्षा की तिथि भी तीन बार बदली जा चुकी है।

### छात्रवृत्ति के लिए तीन छात्र शॉर्ट लिस्ट

लविवि के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा बीए अर्थशास्त्र में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने व एमए में प्रवेश लेने वाले एक विद्यार्थी को विद्या प्रकाश मेमोरियल छात्रवृत्ति दी जाएगी। विभागाध्यक्ष प्रो. एमके अग्रवाल की ओर से जारी सूचना में बताया गया है कि इसके लिए तीन छात्राएं शारा, जपनीत कौर व गरिमा सिंह शॉर्ट लिस्ट हुए हैं। अगर इसे लेकर किसी विद्यार्थी को कोई आपत्ति है तो वह 30 जुलाई तक विभाग में प्रत्यावेदन दे।

**DAINIK JAGRAN PAGE 7**

## लविवि : नए सत्र से बीएलएड में सेमेस्टर सिस्टम से पढ़ाई

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में आगामी शैक्षिक सत्र से चार वर्षीय बीएलएड कोर्स में सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई होगी। अभी तक वार्षिक प्रणाली लागू है। शिक्षा शास्त्र विभाग ने इसका स्ट्रक्चर तैयार कर लिया है। एक सप्ताह में विभाग महाविद्यालयों के कोर्स से जुड़े शिक्षकों से कंटेंट पर चर्चा कर कोर्स में छात्र हित में कुछ नए पेपर शामिल करेगा।

लविवि के शिक्षा शास्त्र विभाग में चार वर्षीय बीएलएड कोर्स संचालित है। विभाग के प्रोफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखकर कोर्स को सेमेस्टर में बदला जा रहा है।

### बीकाम छठे सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 27 से

शिया पीजी कालेज में बीकाम छठे सेमेस्टर की मौखिक परीक्षाएं 27 से 31 जुलाई तक आनलाइन होंगी। कामर्स के विभागाध्यक्ष डा. शुएब अहमद ने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं के पास स्मार्टफोन या इंटरनेट की सुविधा नहीं है। वह महाविद्यालय में आकर परीक्षा दे सकते हैं। परीक्षा कार्यक्रम कालेज की वेबसाइट www.shiacollege.org पर अपलोड कर दिया गया है।